गौरी के लाल पधारो | By Anand Kashyap

आओ गौरी के लाल पधारो मंगल कारज की बेला है
मंगल कारज की बेला है आपके ध्यान की बेला है
आओ सिद्धि विनायक पधारो भक्तों का लगा आज मेला है
आओ गौरी के लाल पधारो .....

सबसे पहले ध्यान तुम्हारा धरम करम में होता है
श्रद्धा से जो करे वंदना हर कारज सिद्ध होता है
अब हम पर भी थोड़ी दया कर दो विघ्नो ने आकर घेरा है
आओ गौरी के लाल पधारो .....

सबके बिगड़े काज संवारो अन्न धन के भण्डार भरो
आये शरण में प्रभु तुम्हारी हम सबका उद्धार करो
भक्तों के भाग्य विधाता तूने अजब रचाई लीला है
आओ गौरी के लाल पधारो .....

गजमुख सुन्दर रुप है अद्भुत महिमा तेरी भारी है
सबका किया कल्याण ओ बप्पा आज हमारी बारी है
प्रभु साथ निभाओ आकर के तेरा आनंद कबसे अकेला है
आओ गौरी के लाल पधारो .....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%97%e0%a5%8c%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%b2-%e0%a4%aa%e0%a4%a7%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%8b-by-anand-kashyap/